# -:: निर्देश ::-

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश , बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार – भाटापारा (छ.ग.) की स्थापना में स्टेनोग्राफर (हिन्दी)2 पद तथा सहायक ग्रेड–03 कुल 8 पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन क्र ..3/दो–12–17/2013 बलौदाबाजार दिनांक 11 /07/2023 जारी किया गया था, जिसकी भर्ती कार्यवाही स्थगित थी परंतु वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर का ज्ञापन क्रमांक 4699/III–18–27/2023/D.E. बिलासपुर दिनांक 15/03/2024 के परिपालन में उक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त हो गयी है , जिसके परिपालन में भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है ।

अतः अभ्यर्थीगण की सुविधा के लिए स्टेनोग्राफर (हिन्दी)2 पद तथा सहायक ग्रेड–03 कुल 8 पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 11.07.2023 का पुनः प्रसारण किया जा रहा है ।

अभ्यर्थीगण स्टेनोग्राफर (हिन्दी) तथा सहायक ग्रेड–03 के पद पर शैक्षणिक योग्यता के संबंध में शुद्धिपत्र क्रमांक 11 एवं 12 का अवलोकन करें । उक्त संबंध में सुलभ संदर्भ हेतु शुद्धिपत्र की प्रति वेबसाईट में अपलोड कर दी गयी है ।

इस विज्ञापन में पुनः आवेदन के लिए स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद हेतु आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के केवल ऐसे अभ्यर्थी ही पात्र होंगे, जो कि पूर्व में स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के कारण आवेदन नहीं कर पाये थे ।

**आवेदन की प्रारंभिक तिथि 15–03–2024**

**अंतिम तिथि 01–04–2024 (शाम 05:00 बजे तक )**

**टीपः–** पूर्व में जिन अभ्यर्थियों के द्वारा स्टेनोग्राफर (हिन्दी) तथा सहायक ग्रेड–03 के पद पर आवेदन कर चुके हैं, वे पुनः दोबारा आवेदन प्रेषित न करें , आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे ।

............**आदेशानुसार**

# भर्ती समिति , कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार

क्रमांक– 12/ दो–12–17/2013 बलौदाबाजार, दिनांक 15/03/2024

## –::शुद्धिपत्र–सह–सूचनापत्र ::–

इस कार्यालय स्थापना के अंतर्गत स्टेनोग्राफर (हिन्दी) तथा सहायक ग्रेड–3 की भर्ती हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक – 03/ दो–12–17/2013, बलौदाबाजार, दिनांक 11/07/2023 में स्टेनोग्राफर (हिन्दी) की शैक्षणिक योग्यता कंडिका – 1(ब)(क) के संबंध में निम्न शुद्धि पत्र जारी किया जाता है कि:–

''किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो '' वाक्य प्रतिस्थापित किया जाता है ।

तथा

(1)–यह भी सूचित किया जाता है कि पूर्व में स्टेनोग्राफर (हिन्दी) की शैक्षणिक योग्यता निर्धारण के कारण यदि कोई अभ्यर्थी उक्त पद पर आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके हो , तो उन्हें पुनः आवेदन करने हेतु एक अवसर प्रदान किया जा रहा है । अतः उक्त पद पर अभ्यर्थी दिनांक **01.04.2024 (शाम 05:00 बजे)** तक प्रसारित विज्ञापन अनुसार आवेदन कर सकते हैं । उसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

(2) पूर्व में ही आवेदन प्रेषित कर चुके आरक्षित वर्ग (अनु.जाति एवं अ.पि.वर्ग) के अभ्यर्थी जो न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण किये हो उनके शैक्षणिक योग्यता की पात्रता आवेदित पद पर रहेगी तथा उन्हें पुनः आवेदन प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है ।

अध्यक्ष
चयन समिति,
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बलौदबाजार (छ.ग.)